प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों के दौरे जारी–प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी का कल कोटपूतली दौरा प्रस्तावित।

- मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी निलंबित।

- प्रदेश में शीतलाष्टमी परम्परागत तरीके से मनायी–विभिन्न स्थानों पर मेलों के आयोजन।

- राज्य में कुछ स्थानों पर हुई बारिश के बाद गर्मी से थोड़ी राहत–दिन का तापमान 40 डिग्री से नीचे आया।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत स्टार प्रचारकों के दौरों की कड़ी में कल प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी का जयपुर ग्रामीण के कोटपूतली का दौरा प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर और पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात एसपीजी ने मोर्चा संभाल लिया है।

इस बीच वरिष्ठ भाजपा नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जोधपुर के रातानाड़ा में जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जोधपुर से पार्टी प्रत्याशी गजेन्द्र सिंह शेखावत, तथा पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति की है।

.................

000

भारतीय जनता पार्टी की चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। समिति ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा पत्र पर विचार–विमर्श किया। 27 सदस्यीय समिति की पहली बैठक वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन पत्र भरने के लिए अब केवल तीन दिन का समय बाकी है। इस चरण में चार अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। पांच अप्रैल को पर्चों की जांच की जाएगी और उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा।

000

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए आज भी विभिन्न कार्यक्रम हुए। सांचौर जिले की भड़वल और भाटीप ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शीतला सप्तमी मेले में ग्रामीणों को वोट डालने का महत्वपूर्ण बताया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मतदान के लिए संकल्प पत्र भरे। श्रीगंगानगर में लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मेहन्दी, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बूंदी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों की श्रंखला में आज राजकीय कन्या महाविद्यालय में नव मतदाताओं के साथ जागरुकता संगोष्ठी और स्वीप प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर शत–प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई गयी।

चूरू में जागरुकता रैली निकाली गयी। भरतपुर में चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने मतदान मेरा अधिकार विषय पर चित्र बनाये। इसके अलावा दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर मतदान के संदेश वाले पोस्टर लगाये गये।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये जयपुर से हमारी श्रोता का संदेश –

...............

000

राज्य सरकार ने मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह को निलंबित कर दिया है। इससे पहले इस संबंध में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी देने के प्रकरण में तुरंत कार्रवाई करने और उच्च

स्तरीय कमेटी से प्रकरण की जांच करवा कर 15 दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। बैठक में एसीबी के डीजी राजीव शर्मा ने बताया कि ब्यूरो ने इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कार्यालय की तलाशी लेकर महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। साथ ही उनके कार्यालय से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इस बीच, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डी.आई.जी. डॉ. रवि प्रकाश ने बताया कि ब्यूरो द्वारा इस मामले में जयपुर के अन्य अस्पतालों में भी तफ्तीश की जा रही है।

----------------

000

प्रदेश में आज मलेरिया क्रैश कार्यक्रम शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान 14 मई तक घर–घर सर्वे कर मच्छरों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान लोगों को साफ–सफाई और मच्छर जनित रोगों के बचाव के प्रति जागरूक किया जायेगा। क्रैश कार्यक्रम के लिए चिकित्सा विभाग ने विभिन्न टीमें गठित हैं।

000

जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में आज से भारतीय वायु सेना का युद्धाभ्यास गगन शक्ति आयोजित किया जा रहा है। दस दिन के इस युद्धाभ्यास में देश के सभी वायु सेना स्टेशन भाग ले रहे हैं। इसमें तेजस, राफेल, सुखोई 30, जगुआर, ग्लोबमास्टर, चिनूक, अपाचे, प्रचंड सहित कई लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन होगा।

000

राजभवन जयपुर में आज ओडिशा स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान ओडिशा के स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। श्री मिश्र ने कहा कि ओडिशा समृद्ध पारंपरिक विरासत के साथ जीवंत संस्कृति वाला प्रदेश है। राज्यपाल ने ओडिशा के समृद्ध अतीत को याद करते हुए भविष्य के विकास के लिए सतत प्रतिबद्ध होकर कार्य करने पर जोर दिया।

000

प्रदेश में आज शीतलाष्टमी परम्परागत तरीके से मनायी गयी। इस मौके पर महिलाओं ने सज धज कर मंदिरों में ठण्डे पकवानों का शीतला माता को भोग लगाया। टोंक जिले के ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर में माता शीतला की विशेष झांकी सजाई गई। केकड़ी में शीतला माता के मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। शीतलाष्टमी पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर मेले भी लगाये जा रहे है। जयपुर जिले के चाकसू में शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में मेला भर रहा है।

----------------

बालोतरा जिले के कनाना में भी मेला आयोजित किया जा रहा है। जालौर में भी शीतला माता का मेला भरा। उधर, सलूम्बर जिले के परसाद क्षेत्र में शीतल सप्तमी पर आदिवासी नेजा लूटने की परम्परा निभाते हैं।

000

राज्य में कुछ स्थानों पर हाल की बारिश के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। प्रदेश में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। ज्यादातर जगह दिन का पारा सामान्य से नीचे चल रहा है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 39 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 36 दशमलव 2 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले एक–दो दिन में तापमान में किसी विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी की है।

000

जोधपुर के सालावास में आज डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर जा रहे तीन युवकों की मौत हो गई। डंपर को ओवरटेक करने के दौरान मोटरसाइकिल स्लिप होकर डंपर के नीचे आ गई, जिससे तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

हनुमानगढ़ में एक निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई। दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। नगर परिषद सभापति सुमित रिणवा ने पीड़ित परिवार को 50 हजार की आर्थिक सहायता मुहैया करवाई।

000

तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेण्डर के दाम कम कर दिये हैं। इनमें अलग–अलग शहरों में 30 से 32 रूपये तक की कटौती की गई है। दिल्ली में वाणिज्यिक सिलेण्डर की कीमत एक हजार 795 से घटकर अब एक हजार 764 रूपये हो गई है।

000